Good Relations

CLIENT: Orient Blackswan
PUBLICATION: Nai Duniya
EDITION Delhi
DATE 26 November, 2011
PAGE NO. 02

पुस्तक का लोकार्पण किया

नई दिल्ली (कासं)। वरिष्ठ पत्रकार प्रफुल्ल बिदवई की पुस्तक 'पॉलिटिक्स ऑफ क्लाइमेट चेंज एंड द ग्लोबल क्राइसिस' का शुक्रवार को लोकार्पण किया गया। लोकार्पण सामाजिक कार्यकर्ता अरुणा राय, पूर्व राजदूत निरुपम सेन, ऊर्जा व पर्यावरण विश्लेषक गिरीश संत और रोहन डिसूजा ने किया।

समारोह में लोकार्पण के बाद वक्ताओं ने कहा कि जलवाय परिवर्तन के संकट के इर्द गिर्द हो रही राजनीति पर श्री बिदवई का तीक्ष्ण विश्लेषण उन कार्यों की निंदा करता है जो मानव की तरक्की व स्वतंत्रता को रोकते और बाधित करते हैं। वक्ताओं ने कहा कि डरबन में जलवायु सम्मेलन से पहले प्रकाशित यह पुस्तक जलवायु परिवर्तन से संबंधित अंतरराष्ट्रीय समझौते के अहम मुद्दों को उठाती है और गरीबों में भी सबसे गरीब देशों पर पड़ने वाले इस राजनीतिं के प्रभाव की बात करती है। इस मौके पर पुस्तक को लेकर विस्तार से चर्चा हुई।